बरेली, रविवार
18 मार्च 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+4 =28

दैनिक जागरण

PAGE NO.12, MIDDLE RIGHT

प्रतिभा दिखाने के लिए पूरा आसमान

जासं, बरेली : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में तकनीकी महोत्सव टेकव्योम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष देवमूर्ति ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उनके पास प्रतिभा दिखाने को पूरा आसमान बाकी है। टायरो क्लब के अध्यक्ष अंकित पटेल ने समारोह पर प्रकाश डाला। कवि सम्मेलन भी हुआ। राहुल अवस्थी, सुनील साहिल, अंकिता सिंह व मनोज मद्रासी की कविता पर दर्शकों ने ठहाके लगाए। पीएलसी डिजाइनिंग में अंकित, मनीष कुमार, भारती एवं शिवम, सर्किट्रॉन में शुभम अग्रवाल, तनु अग्रवाल, फार्मा क्विज में आदर्श यादव, रजत सिंह, कविता में शांभवी विजेता रहीं। संस्था सचिव आदित्य मूर्ति, डीन प्रभाकर गुप्ता, सुभाष मेहरा, डॉ. ललित सिंह, प्राचार्य डॉ. अनंत श्रीवास्तव, संतोष खरे आदि मौजूद रहे।